तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024



10 राधिका को मिली मोटराईज्ड ट्राइसिकल



12 पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे से हो रही लोगों को...






## खबर संक्षेप

### केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कल राजिम में

**राजिम।** प्रदेश के कद्दावर केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कल 3 फरवरी को राजिम पहुंच रहे है। यहां वे प्रेम रतन मैरिज पैलेस में दोपहर 3 बजे राजिम कुंभ मेला की तैयारी संबंधी पहली बैठक लेंगे। इस बैठक में रायपुर,धमतरी ,महासमुंद और गरियाबंद जिले के



कलेक्टर एसपी सहित सभी विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे। मेले के संबंध में व्यापक रूप में मंत्री बृजमोहन अफसरो से तैयारी के संबंध में जानकारी लेंगे। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की पुनः सरकार बनने और मंत्री बनाए जाने पर श्री अग्रवाल का यह प्रथम राजिम आगमन है। राजिम कुंभ मेले की ख्याति को देश और दुनिया में फैलाने व तीन नदियो के बीच लक्ष्मण झूला का निर्माण सहित कईयो विकास कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की देन है। लिहाजा राजिमवासी इस बार और भी ज्यादा उत्साहित है। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने बताया कि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का राजिम के पावन भूमि में ऐतिहासिक स्वागत करने की तैयारी व्यापक रूप में की जा रही है। प्रथम स्वागत पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में बाजे-गाजे और आतिशबाजी करते हुए की जाएगी। यहां से श्री अग्रवाल का काफिला आत्मानंद स्कूल पहुंचेगा। स्कूल के कार्यक्रम के बाद गरियाबंद रोड में प्रेम रतन मैरिज पैलेस जाएंगे। मैरिज पैलेस में भी राजिम विधायक रोहित साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर व भाजपा कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य नागरिको द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा। मंत्री श्री अग्रवाल यहां एक-एक विभागो के अफसरो से उनके द्वारा की गई तैयारियो की जानकारी ली जाएगी।

### जिड़ार में बिजली बिल समस्या के निदान शिविर कल

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में आए दिनों बिजली बिल में त्रृटि की शिकायत मिल रही है, जिसके चलते छत्तीसगढ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा बकायदा ग्राम पंचायत स्तर में शिविर का आयोजन कर लोगो की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जिडार में 02 फरवरी दिन शुक्रवार सुबह 10 बजे से 04 बजे तक बिजली बिल समस्या निदान शिविर का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों द्वारा जन चौपाल में लगातार बिजली बिल सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके निराकरण के लिए यह शिविर का आयोजन किया गया है। मैनपुर बिजली विभाग के सहायक यंत्री संजीव बंजारे ने उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शिविर में उपस्थित होने की अपील की है।

### बढ़ी तारीख के प्रथम दिन सिर्फ दो हजार क्विंटल धान की खरीदी

**महासमुंद।** बढ़ी हुई तारीख के लिए आदेश जारी होने में देरी के कारण किसानों को पर्याप्त टोकन जारी नहीं किया जा सका। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान के लिए बढ़ी हुई तारीख के पहले दिन सिर्फ दो हजार क्विंटल धान ही खरीदा जा सका। जबकि, अभी भी 6489 पंजीकृत किसान अब तक एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। बता दें कि खरीफ सीजन के धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए एक नंवबर से 31 जनवरी तक तारीख तय की गई थी। लेकिन, विधानसभा चुनाव और बारिश के कारण जिले सहित प्रदेश के हजारों किसान तय तिथि तक धान बेचने से वंचित हो गए थे। जिसके कारण धान खरीदी की तिथि चार दिन और बढ़ा दिया गया है। अब सरकारी दर पर 4 फरवरी तक धान खरीदा जाएगा।

# जय श्रीराम के जयकारों की क्षेत्र में गूंज, कलशयात्रा में हजारों लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में 2 फरवरी से 04 फरवरी तक राज्य स्तरीय श्री राम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मानस सम्मेलन के एक दिन पूर्व गुरूवार को भगवान श्रीराम माता सीता एंव हनुमान जी की प्रतिमा के साथ विशाल कलशयात्र निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर यात्र में शामिल हुए तो वहीं भगवा ध्वज और भगवा वस्त्र धारण कर हजारों की संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग शोभायात्रा में शामिल होकर ग्राम हरदीभाठा से शोभायात्रा दोपहर 01 बजे प्रारंभ हुआ जो गांधी चौक, मस्जिद गली, ग्राम पंचायत मैनपुर, बस स्टैण्ड, थाना, नेशनल हाईवे होते हुए जनपद मार्ग से वापस हरदीभाठा मानस सम्मेलन स्थल पहुचे जंहा भगवान श्रीराम माता सीता एंव हनुमान जी की प्रतिमा का विधिवत पंडित योगेश शर्मा द्वारा पुजा अर्चना कर स्थापना किया गया है और देर रात समाचार लिखे जाने तक ▶▶|शेष पेज 10 पर

## ग्राम हरदीभाठा में आज से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन



### डीजे के धुन में थिरके युवक

शोभायात्रा के दौरान जय जय श्रीराम के जयकारों से पुरा क्षेत्र गुंज उठा और डीजे के धुन में युवक जमकर थिरकते नजर आये तो वहीं दुसरी ओर श्रीराम चरित मानस सम्मेलन के लिए ग्राम हरदीभाठा को बहुत की आकर्षक ढंग से सजाया गया है, भगवा रंगो से पंडाल का निर्माण किया गया है और यहां पहुंचने वाले हजारों श्रध्दालुओं के लिए तीन दिनों तक महाभंडारा का आयोजन भी किया गया है। जिसमें पुरे हरदीभाठा ग्रामवासी तन, मन धन से लगे हुए है।





## हादसा : आक्रोशित लोगों ने परिजनों को 10 लाख सहायता राशि व नौकरी की मांग की

# हाईवा ने मोपेट सवार अधेड़ को लिया चपेट में, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के बस स्टेण्ड के पास मेन रोड़ में गुरूवार दोपहर 12:30 बजे फिर बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में रेत से भरी हाइवा ने वार्ड नं 1 गोबरा बस्ती के लादू साहू उम्र 50 साल को अपनी चपेट में ले लिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के तत्काल बाद ड्राइवर गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। इससे आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम होने से नेशनल हाइवे में दुर्घटना स्थल से लेकर दोनो तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची। चक्का जाम सवा दो घंटे तक जारी रहा। अंततः पुलिस की समझाईस पर लोग शांत हुए। मृतक को पीएम के लिए चीर घर ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि महीने भर पहले नगर पालिका नवापारा के पास शहर के भीतर ही एक ट्रक ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ शहर के बस स्टेण्ड के पास मेन रोड़ में हुआ हादसा

### आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम





### जगह-जगह पाइप लाइन के फूटने से निर्माण कार्य प्रभावित

नागरिक, ठेकेदार के इस लेट लतीफी और घटिया स्तर के काम से काफी नाराजगी जाहिर करते चले आ रहे है परंतु उनके कान में जूं तक नही रेंग रहा है। चौड़ीकरण में विलंब के कारण अब तक दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है जिसमें दो लोगो की जान चली गई और कईयो चोटिल हो चुके है। चौड़ीकरण के काम में पीएचई विभाग भी बराबर के दोषी है। जिन्हें नगर पालिका से पाइपलाइन शिफिटंग के लिए पेमेंट हो जाने के बाद भी काम को उस गति से नहीं किए जैसा होना चाहिए था। जगह-जगह पाइप लाइन का फुटना इससे सड़क का काम भी प्रभावित होता ही है। सामने कुंभ मेला है। ये मेला 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। मेले के लिए कुल 20 दिन का समय रह गया है। इतने कम समय में सड़क चौड़ीकरण का काम कैसे पूरा होगा? ये चिंता विभाग के अफसरो को करना होगा। इस काम को डेड़ साल से ऊपर हो गया है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते काम पूरा नही हुआ है। अभी तो रोड डिवाइडर का काम बचा हुआ है। बस स्टेण्ड के पास दो लेयर डामरीकरण का काम भी नही हुआ है।

### पुलिस ने वाहन जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ की कार्रवाई

टीआई आशीष सिंह राजपूत ने बताया कि भिलाई पासिंग की हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीके 6925 को दुर्घटना स्थल से थाना ले जाया गया और जप्त कर लिया गया है। ड्राइवर के खिलाफ धारा 304 ए की कार्रवाई की गई है।



# राजिम में नए मेला स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल गुरूवार को राजिम पहुंचे। नए मेला स्थल का निरीक्षण कर जिले के अधिकारियो को तैयारियो के संबंध में निर्देश दिया। श्री अग्रवाल प्रेम रतन मैरिज पैलेस पहुंचे। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर से नए मेला स्थल एवं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के आगमन को लेकर चर्चा किया। इस दौरान पैलेस में अपर कलेक्टर अविनाश भोई, राजिम एसडीएम धनंजय नेताम, टीआई भोला सिंह राजपूत, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,नपा के सभापति ओमप्रकाश आडिल मौजूद थे।

## छिन्दौला में बाल विवाह पर लगी रोक

**गरियाबंद।** जिले के गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छिन्दौला में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन पर रोक लगाई गई। उल्लेखनीय है कि विगत 31 जनवरी को जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु स्कूल दाखिला के आधार पर आयु सत्यापन किया गया। जिसमें बालिका की आयु 16 वर्ष 04 माह होना पाया गया। बालिक की सगाई एक सप्ताह पूर्व हुआ था एवं विवाह तिथि तय नहीं किया गया था। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के अधिकारियों ने बताया कि विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका ▶▶|शेष पेज 10 पर

# सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

सगाई से लौट रहे मामा भांजे की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना बीती रात खट्टी गांव के मोड़ पास की है। रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच बताई जा रही है दोनों मामा बोधन राम साहू 80 वर्षीय और भांजे देवनारायण साहू 45 वर्षीय ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के निवासी थे।



जो ग्राम बेलौदी मगरलोड से सगाई कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। तो वही घर पहुंचने में लगभग 2 किलोमीटर पहले यह सड़क हादसा हो गया जिसमें दूसरी तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल ने जबरदस्त टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेलमेट पहने देवनारायण साहू का हेलमेट का सामने का हिस्सा पूरा टूट गया और हेलमेट के अंदर लगा सोल बचा रहा। आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जिसमें मामा की मौके पर मौत गई और दूसरे व्यक्ति भांजा को अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बोधन राम साहू गांव का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति था। इस तरह इन दोनों की हुई इस



घटना के बाद से गांव में मातम पसर गया एवं सभी की आंखें नम हो गई। सगाई मे गए बोधन राम के बेटे ने उसे बंद गाड़ी में घर में जाने को कहां पर अपने भांजे के साथ जाने की बात कही थी और दोनों मामा भांजा बेलौदी से खुशी-खुशी गाड़ाघाट के लिए निकले थे और घर पहुंचने से 2 किलो मीटर पहले सड़क हादसे का शिकार हो गया तो दूसरी मोटरसाइकिल सवार को इतनी गंभीर चोट नहीं आई है। मौके पर ग्रामीणों ने मदद की और अस्पताल पहुंचाया फिर संबंधित थाना को जानकारी दी। इस मामले का मर्ग कायम कर संबंधित थाना जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में घायल हिरण की इलाज के दौरान मौत

वन विभाग की टीम ने पीएम करवाकर किया दाहसंस्कार



**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मार्ग में 01 पखवाड़ा पूर्व अज्ञात वाहन ने एक हिरण को टक्कर मारकर भाग गया। जिसकी जानकारी वन विभाग को लगने के बाद हिरण को मैनपुर नवमुडा स्थित लकड़ी टाल में रखकर उसका ईलाज किया जा रहा था, हिरण का पैर टुट गया था ईलाज के दौरान हिरण की कल मौत हो गई। जिसका विधिवत पोस्टमार्डम करवाकर दहसंस्कार किया गया। वन परिक्षेत्र मैनपुर अधिकारी संजीत मरकाम ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर से हिरण पुरी तरह घायल हो गया था और उसका पैर टुट गया था जिसका उपचार पशु चिकित्सालय मैनपुर के डॉक्टर योगेश नायक के नेतृत्व में किया जा रहा था और कल बुधवार को हिरण की मौत हो गई। जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को देने के बाद विधिवत पोस्टमार्डम करवाकर दहसंस्कार किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पानी की मांग को लेकर किसानों ने एसडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पांडुका क्षेत्र के किसानों ने गुरूवार को सिंचाई विभाग के अधिकारी एसडीओ के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के राजिम विधायक रोहित साहू के आदेश पर 5 साल के बाद पांडुका क्षेत्र के किसानों को रबी फसल की बुवाई के लिए नहर के द्वारा पानी दिया जाना था। जिसके माध्यम से पांडुका माइनर की सहायता से क्षेत्र के गांव सिचित होने थे परंतु पांडुका माइनर में कांक्रीटीकरण के कार्य कराने के बहाने लगातार कई वर्षो करते आ रहे है और इसके चलते पानी देने से इनकार किया जा रहा था। कांक्रीटीकरण का कार्य सन 2018 में



स्वीकृत हुई थी जो अब तक बनकर तैयार नहीं हुआ और अधिकारी कांक्रीटकरण की बात कहकर पांडुका माइनर में पानी देने से इनकार कर देते हैं जबकि पाण्डुका, सरकड़ा, रजनकटा एवं अन्य गांवों को पानी देने की बात राजिम विधायक द्वारा कही गयी थी और प्रमुखता से समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसके चलते गांव के किसान तैयारी की राह देख रहे थे और किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। परंतु आज तक किसानों के खेत मे पानी नहीं पहुंचा किसानों द्वारा दूरभाष के माध्यम से एसडीओ से ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जगन्नाथ स्वामी ने तालियां बजाकर भगवान का कराया भजन

# जीवन जीने की कला भी सिखाती है भागवत गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ द्वारा संस्थापकचार्या कृष्ण कृपा मूर्ति श्रीमद् एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के असीम कृपा से हरे कृष्ण हरे कृष्ण हरे राम का बुधवार को खेल मैदान में सत्संग और कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ बाहर से आए सभी अतिथियों को बाजे गाजे के साथ मंच तक लाया गया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व गुरूदेव की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके आरती किये। बाम्बे से आये जगन्नाथ स्वामी जी सभी उपस्थित दर्शकों को हरे कृष्ण हरे हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे राम हरे राम की तालियां बजाकर भगवान का भजन कराये , स्वामी जी कथा सुनते हुए कहा कि महाभारत के युद्ध के पहले अर्जुन और श्रीकृष्ण के संवाद लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। गीता के उपदेश पर चलकर न केवल हम स्वयं का बल्कि समाज का कल्याण भी कर सकते हैं। आगे कहा संसार में जो भी आया है, परिस्थितियां हमेशा उसके लिए एक जैसी नहीं रही है। भागवत गीता जीवन को सही ढंग से जीने की कला सिखाती है जीवन में विषम परिस्थितियां आने पर भगवान का आदेश मानकर उन्हें सरल और शांत भाव से अनुकूल बनाएं रखने का प्रयास करें। रायपुर से पधारे स्वामी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मृत्यु एक अटल सत्य है, किंतु यह शरीर नश्वर है। आत्मा अजर अमर है, आत्मा को कोई काट नहीं सकता अग्नि जला नहीं सकती और पानी गीला ▶▶|शेष पेज 10 पर

### गीता ही ऐसा ग्रन्थ जो सही -ग़लत का कराती है बोध

कार्यक्रम के संयोजक प्रतिबाला दीदी ने कहा कि यहां श्रीमद्भागवत गीता को लाल कपडा में बांधकर मत रख देना इसे रोज पढ़ाना जब भी आप लोगों समय मिले, क्योंकि कलयुग में गीता ही ऐसा सरल ग्रन्थ है जो मनुष्य को सही गलत का बोध कराती है। गीता सिखाती है कि भोजन कैसा करना चाहिए जिससे आपका तन तंदुरुस्त रहे, व्यवहार कैसा करना चाहिए जिससे आपका मन तंदुरुस्त रहे और ज्ञान कैसा सुनाना समझना चाहिए जिससे आपकी



बुद्धि में ज्ञान ध्यान का प्रकाश हो जाय। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए प्रसादी भोजन की व्यवस्था किया गया था। इस दौरान ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, उप-सरपंच परमेश्वर यादव, कृष्णा चक्रधारी, भरत यादव, भोजलाल नायक, शिवशंकर जयसवाल, भूषण साहू, युवराज यादव, रितुराज सिन्हा, मुकेश ठाकुर, डायमन कोमर्रा, कुलेश साहू, भूपेंद्र देवांगन, कोमनदेव साहू, दयाराम निषाद, भागवत कोमर्रा, धर्मेन्द्र यादव, रघुनाथ वर्मा, बेदव्यास निषाद, सुरेश टाण्डे सहित समस्त ग्रामवासी एवं व्यापारी संघ का विशेष योगदान रहा।

# युवा कांग्रेस की मशाल रैली आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 2 फरवरी दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे युवा कांग्रेस द्वारा मशाल रैली का आयोजन किया गया है। युवा कांग्रेस के बिन्द्रानवागढ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल ने बताया कि देश और प्रदेश में बढते बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा मैनपुर में मशाल रैली का आयोजन किया गया है, बिन्द्रानवागढ अध्यक्ष अमृत पटेल ने सभी युवा कांग्रेस एंव कांग्रेस कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।


हरिभूमि पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## ताइक्वांडो स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** 5वीं गोल्ड कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रायपुर की टीम कोच कैलाश सिका, मनीष साहू, पूनम के नेतृत्व में शामिल हुई। इसमें गोल्ड मेडल निखिल साहू, हर्षिका साहू, भाग्यश्री साहू, श्रेया, समीर कुमार ने जीता। सिल्वर मेडल प्रज्ज्वल पाल, कुणाल वर्मा, नीतेश सिका, ओम शर्मा, ट्वींकल यादव, प्रिया ध्रुव ने अपने नाम किया। कांस्य पदक मधुरिमा निषाद, रूचिका केवट, जयंत साहू, अर्घदीप घोष, आयुष पराये, अनिल विश्वकर्मा, करण सिका, अगम्यजोत सिंह ने जीता। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव प्रकाश भारती ने बताया कि स्पर्धा में आकृति शर्मा, साक्षी साहू, रितिका साहू, इशु साहू, नव्या परगनिहा, निधि परगनिहा, अरिहंत परगनिहा, मनोज सारंग, पवन पांडेय, मंथन दहाले, सोम सिंह, सुहाना देवांगन, आयुष बहाबल का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

## ध्वनि प्रदूषण के प्रति लोगों को किया जागरूक




**रायपुर।** क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल की ओर से ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरुकता लाने राजधानी के विभिन्न जगहों पर पंपलेट बांटे गए और लोगों को इसके प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम आकाशवाणी, व्हाइट हाउस नगर निगम, मरीन ड्राइव, बीपीओ ऑफिस कलेक्ट्रेट में किया गया। लोगों को शपथ दिलाई गई कि निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही ध्वनि का उपयोग करें। जब सब लोग समाज को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त रखने का प्रयास करेंगे तो समाज सुंदर और स्वस्थ होगा। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग से सुजाता शुक्ला, डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. आशिमा शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छग बना चैंपियन



**रायपुर।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार बालक 19 वर्ष में महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।

## केंद्रीय जेल में देशभक्ति गीत और भजन की प्रस्तुति



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में केंद्रीय जेल में बंदियों ने देशभक्ति गीत और राम भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान की ओर से विगत दिनों आयोजित किया गया। बंदी भाइयों ने गीत और भजन की प्रस्तुति देकर सबको मत्रमुंग्ध कर दिया। कार्यक्रम डीआईजी एसएस तिग्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने कहा कि अपने अच्छे कार्यों से जल्द से जल्द रिहा होकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाए। कार्यक्रम में एसके धर, पार्थो सरकार, उर्मिला देवी, डॉ. गोपाल शर्मा सहित संस्था के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने किया।

# नगर निगम की 100 दुकानें डंप, 34 करोड़ का नुकसान, किराये के विकल्प पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

शहर में आधा दर्जन इलाकों में नगर निगम द्वारा बनवाई गई 100 दुकानें नहीं बिकने से निगम को 34 करोड़ का नुकसान हो रहा है। दुकानों को बेचने के लिए बाजार विभाग की ओर से कई बार टेंडर किए गए, पर प्रापर रिस्पांस नहीं मिलने से दुकानें खाली पड़ी हैं। इन दुकानों के मेंटनेंस में निगम का पसीना छूट रहा है। ऐसे में सालों से वीरान पड़ी इन दुकानों को बेचने की जगह किराये पर देने की तैयारी है। इसके लिए नीति तय करने शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

### बेचने के लिए दर्जनों बार टेंडर, रिस्पांस नहीं मिला

**मेंटनेंस पड़ रहा भारी, सालों से रत्तीभर कमाई नहीं**

| दुकान का लोकेशन | दुकानों की संख्या | टेंडर |
|---|---|---|
| मंगलम समता कालोनी | 10 | 18 |
| महोबाबाजार | 14 | 18 |
| गांधी मैदान | 55 | 18 |
| मल्टीलेवल पार्किंग | 1 | 7 |
| जवाहर बाजार | 16 हाल | 12 |



**रेंट पालिसी के लिए भेजा है प्रस्ताव**

दुकानों की रेंट पालिसी शासन द्वारा निर्धारित की जाती है। निगम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। बहुत सी दुकानें 30 साल की लीज पर लेने के लिए लोग तैयार नहीं होते, इसलिए इसे किराये पर देने की योजना बनाई गई है।

*- एजाज ढेबर, महापौर नगर निगम रायपुर*

आमदनी अठन्नी खरचा रुपैया की तर्ज पर तंगहाली से जूझ रहा रायपुर नगर निगम अब अपनी पुरानी दुकानों को किराये पर देगा। यह निर्णय शहर के आधा दर्जन इलाकों की बेशकीमती जमीन पर करोड़ों खर्च कर बनाई 100 दुकानों के नहीं बिकने के कारण लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक अग्रसेन चौक के मंगलम कांप्लेक्स, गांधी मैदान, महोबाबाजार, जवाहरबाजार और मल्टीलेवल पार्किंग परिसर स्थित दुकानों को बेचने के लिए बाजार विभाग से दर्जनभर से ज्यादा बार टेंडर निकाला गया। रेट ज्यादा होने और दुकान की बनावट को लेकर यह दुकानें बिक नहीं पा रही हैं। इससे निगम के बाजार विभाग को 34 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

## आग की चपेट में आने से तीन दोपहिया भी जलकर खाक

# चार्जिंग के दौरान ई-व्हीकल में ब्लास्ट से घर में आग, सात में से तीन लोग झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर में एक डॉक्टर के यहां ई-व्हीकल में चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट होने से दो मंजिला मकान में आग लग गई और पार्किंग में खड़ी तीन अन्य दोपहिया आग की चपेट में आकर राख के ढेर में तब्दील हो गईं। इसके साथ घर में उपस्थित सात में से तीन लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना बुधवार तड़के चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

- घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर की

पुलिस के मुताबिक कृष्णानगर निवासी डॉ. फैजान खान के घर में रखी ई-व्हीकल में ब्लास्ट की घटना हुई है। डॉ. खान का दो मंजिला मकान है, जिसमें उनके बुजुर्ग माता-पिता के साथ पत्नी बच्चे सहित सात लोग रहते हैं। पूछताछ में डॉ. खान ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक से डेढ़ बजे के करीब वे अपनी ओला ई-स्कूटर को चार्जिंग में लगाने के बाद सोने के लिए चले गए। डॉ. खान के मुताबिक तड़के उन्हें धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वे नीचे उतरे, तो देखा घर के मेन दरवाजा से आग की लपटें उठ रही थीं।




**सीढ़ी की मदद से घर से बाहर निकले**

डॉ. खान के मुताबिक आग की लपटें इतनी ज्यादा थीं कि दरवाजे से बाहर निकलना मुश्किल था। घर के अंदर धुंआ भरने लगा। घर में रहने वाले लोगों के दम घुटने लगे थे। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम तथा डॉयल 112 की टीम ने घर में फंसे लोगों को सीढ़ी की मदद से नीचे उतारा और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। आग से झुलसने वालों में डॉक्टर तथा उनकी पत्नी और मां शामिल हैं।

**आग दूसरी मंजिल तक पहुंची**

राहत की बात यह रही कि घटना के समय डॉक्टर के परिवार के सदस्य घर की दूसरी मंजिल के कमरे में सो रहे थे। पहली मंजिल में होने पर किसी भी तरह की अनहोनी घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू करने पहुंची, तो आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई थी। आगजनी की घटना से घर के खिड़की दरवाजे पूरी तरह से जल गए और कमरों में धुंआ भर गया।



**लगातार होते रहे धमाके**

पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना मिलने के बाद आधा घंटे के भीतर फायर ब्रिगेड तथा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर पहुंचने में परेशानियों का सामना पड़ा। इसकी वजह डॉक्टर का घर गली के अंदर होना तथा गली के अंदर की सड़कों में वाहनों का पार्क होना है। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची, तब तक घर के अंदर पार्किंग में खड़े अन्य तीन वाहनों में रह रहकर ब्लास्ट हो रहे थे। इसके कारण फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## आरकेसी से प्रगति कालेज तिराहा मार्ग कहलाएगा रमेश नैयर मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के राजकुमार कालेज के सामने चौबे कालोनी मार्ग से प्रगति कालेज तिराहा मार्ग अब वरिष्ठ पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी के पूर्व संचालक स्वर्गीय रमेश नैयर की स्मृति में होगा। यह मार्ग अब रमेश नैयर मार्ग कहलाएगा। निगम ने बुधवार को इस नाम की संकेतक वाली पट्टिका लगवा दी है।

- महापौर के प्रस्ताव पर एमआईसी और सामान्य सभा ने किया था पारित

महापौर एजाज ढेबर के प्रस्ताव पर मेयर इन काउंसिल की बैठक और सामान्य सभा की बैठक में सर्वानुमति से पारित प्रस्ताव पर नगर निगम के संस्कृति विभाग के माध्यम से जोन 7 ने रमेश नैयर मार्ग नाम पट्टिका लगवाई है।

महापौर एजाज ढेबर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी ने स्वर्गीय रमेश नैयर द्वारा रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य की पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को स्मरण किया है।

## संक्रामक बीमारियों की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग, रायपुर जिले की आईडीएसपी टीम राज्य में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोना, पीलिया सहित 33 प्रकार की संक्रामक बीमारियों की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग कर प्रभावित लोगों को उपचार की सुविधा दिलाने के मामले में रायपुर जिले की आईडीएसपी की टीम राज्य में प्रथम स्थान पर है। सर्किट हाउस में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान सर्किट हाउस में टीम को पुरस्कृत किया गया है। मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य के सभी जिलों की आईडीएसपी शाखा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रायपुर जिले की टीम की अधिकारियों ने तारीफ की और बेहतर कार्यो के लिए राज्य में प्रथम स्थान देते हुए पुरस्कृत किया। रायपुर जिले की आईडीएसपी की टीम सूचीबद्ध बीमारियों के मामले लगातार निगरानी रखते हुए शिकायत मिलने पर तत्काल राहत कार्यों की व्यवस्था के लिए कार्य करती है। यह रिपोर्टिंग उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक की जाती है। रायपुर जिले द्वारा रिपोर्टिंग के सौ प्रतिशत में 90.03 लक्ष्य को पूरा करते हुए राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है।

## राधिका को मिली मोटराईज्ड ट्राइसिकल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के अनुशंसा पर अनुसार 31 जनवरी को जनपद पंचायत फिंगेश्वर में समाज कल्याण विभाग से कौंदकेरा निवासी बहन राधिका यादव को मोटराइज्ड ट्राईसाईकल व तर्रा निवासी भाई डेनिस साहू को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वे 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांगता से वे ग्रसित है। दिव्यांग होने के कारण उसे अपने निजी कार्योंर् के लिए घर से बाहर आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था।किसी ने उन्हें बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाता है फिर उन्होंने समाज कल्याण विभाग फिंगेश्वर पहुंचकर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया।उनके स्थिति को ध्यान में रखकर विभाग द्वारा उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय किया गया।

उन्होंने बताया कि वह अभी 9वीं कक्ष में पढ़ाई कर रहा है और विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से वे काफी खुश है। अब वो अपने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल से अपने स्कूल आसानी से आ जा सकेंगे। इसके साथ ही अपने आस पास के इलाके में अपनी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पर अपने घरेलू पारिवारिक कार्य करते हुए जीवन यापन करेगा। उन्होंने राज्य शासन जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके आवेदन पर शीघ्रता से कार्रवाई करने पर सहृदय आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से अपने निजी कार्योंर् के लिए दूसरों पर निर्भर होना नहीं पडेगा।अब वे आत्मनिर्भर हो गए है।अपने निजी कार्य के लिए स्वयं आना जाना सुगमता से कर सकेंगे। अमूल्य सहयोग के लिए राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू का विशेष सहयोग रहा।

## सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा में आती है निखार : डिगेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



विकासखंड मैनपुर अंतर्गत संकुल केंद्र गिरहोला के सभी विद्यालयों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। गुरूवार को माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के रंग मंच में संकुल स्तरीय सांस्कृतिक पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के सभी स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सक्रिय सदस्यों के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में सरपंच डिगेश्वरी सांडे ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की इसके बाद सभी अतिथियों का साल व श्रीफल से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल भर के सभी स्कूलों से बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी बनाकर दिखाएं साथ ही वनांचल क्षेत्र के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर खूब थिरके खूब तालियां भटोरे सभी कार्यक्रम में बच्चों के लिए पुरस्कारों की झाड़ियां लग गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच सांडे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है इस आयोजन के लिए संकुल के सभी शिक्षकों को बधाई दी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवन सिंह नेताम, लोकेश सांडे, महेश दीवान, गोविंद पटेल, चित्रसेन पटेल, ओम प्रकाश वैष्णव, टीकम ठाकुर, मुकेश ठाकुर, एजाज मेमन, बृजलाल ध्रुव, अजय सेन, चिंताराम नेताम, नीराम सिंह, अनंत राम निषाद, हन्नु परस, कांतिलाल साहू, सुरैया टंडवीर, तारा साहू उपस्थित थे।

## सफाई कर्मचारियों के लिए तीन मंजिला कालोनी की योजना अटकी

**रायपुर।** टिकरापारा के नरहरेश्वर तालाब से लगी खाली जमीन पर सफाई कर्मचारियों के लिए पक्का आवास बनाने की योजना अटक गई है। शासन स्तर पर प्रस्ताव की स्वीकृति लंबित होने की वजह से नई कालोनी बसाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। 6 एकड़ जमीन पर 430 पक्के बहुमंजिला आवास बनाने की योजना रही। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की टिकरापारा स्थित सालों पुरानी जर्जर कालोनी को खाली कराकर नगर निगम ने 430 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 साल पहले सिमरन सिटी मठपुरैना और वालफोर्ट सिटी भाठागांव में बनाए बीएसयूपी आवासीय परिसर में शिफ्ट किया था। ये परिवार सालों से स्वीपर कालोनी में पीढ़ी दर पीढ़ी रहते आए, पर जर्जर कालोनी के छज्जे गिरने और दीवारों में सीपेज आने के कारण प्रभावित परिवारों से स्वीपर कालोनी खाली कराकर उसे जमींदोज कराया गया।

पेज 9 के शेष...

### जय श्रीराम के जयकारों....

पुजा अर्चना का दौर जारी है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित योगेश शर्मा, लालाराम पटेल, धनसाय सोनवानी, विश्राम यादव, रफीक खान,रामसय निर्मलकर, सुकराम निर्मलकर, राजकुमार सोनवानी, नरेश डोंगरे, "याम वि"वकर्मा, डोमार पटेल, रमेश ठाकुर, पंचम राम पटेल, खगे"वर साहू, रामजी साहू, थानुराम पटेल,महेश क"यप, भागीरथी निशाद, लोचन निर्मलकर, यातिराम पटेल, लखन जगत, सुन्दर निर्मलकर, लोचन साहू, शेखर पटेल, रामरतन पटेल, महेन्द्र पटेल, सुनील साहू, दुष्यंत साहू, मुरारी पटेल, मुकुन्द निर्मलकर, उमेन्द्र निर्मलकर, पुष्पेन्द्र पटेल, चन्द्रशेखर, तेजेश्वर सोनवानी, रूपेश साहू, मनोज निर्मलकर, सवितानंद साहू, रोशन पटेल, चुम्मन पांडेय, गोंविद पटेल, नंदकिशोर पटेल, वरूण पटेल, गगन निर्मलकर, हेमंत पटेल, गौकरण यादव, चांनद पटेल, मनीश निर्मलकर, हर्शवर्धन साहू, कोमल साहू, दुर्गेश निर्मलकर, तेजकुमार पटेल, तिजेश निर्मलकर, कोविद पटेल, दिपेन्द्र साहू, दुष्यंत पटेल, हरीश यादव, गजेन्द्र पटेल, गजेन्द्र यादव, गजांनंद साहू, भावेश साहू, भांगचंद निर्मलकर, झावेश देवांगन, योगेश निर्मलकर, गौरव पटेल, अरूण पटेल, योगेश निशाद, भूपति सोनवानी, भावेश साहू, गुलशन साहू, दिनेश सचदेव, पारस सिन्हा, नरेश सिन्हा, आदेश पटेल, लिबास पटेल सहित हजारों की संख्या में हरदीभाठा मैनपुर व आसपास ग्रामो के ग्रामीण उपस्थित थे।

### हाईवा ने मोपेट...

वाले ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया था और तीनों की मौत मौके पर ही हो गई थी। उस वक्त भी चक्का जाम हुआ था और जमकर बवाल भी मचा था। बता दे कि शहर के भीतर से गुजरते वक्त ऐसा कोई भी वाहन नहीं होता जिसकी गति धीमी हो। दुर्घटना का एक कारण यह भी है और दूसरा कारण रोड के चौड़ीकरण में ठेकेदार की लापरवाही भी बड़ा कारण है। ठेकेदार कुर्रा से लेकर पुल तक का काम लिया हुआ है जिसे वह अपने मनमर्जी से कर रहा है। आधा दूर करके आधा दूर छोड़ रहा है। गुरूवार को हुई दुर्घटना इसी का नतीजा है क्योंकि जिस प्वाइंट पर ये घटना हुई है वहां सड़क का काम अधूरा है। गिट्टी फैली हुई है इससे दुपहिया सवार स्लीप हो रहे है,गाड़ी वाले इस प्वाइंट पे भ्रमित हो जाते है। जानकारी के मुताबिक चंपारण रोड से बस स्टेण्ड की ओर हाइवा जा रहा था और उसी दिशा से टीवीएस एक्सल में मृतक भी जा रहा था। गिट्टी वाले प्वाइंट से जैसे ही इन्होने अपनी गाड़ी को सड़क की ओर चढ़ाया वैसे ही हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया।

**नगरवासियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर किया प्रदर्शन-** घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रायपुर-गरियाबंद मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया। मौके पर तहसीलदार सूरज बंछोर, टीआई आशीष राजपूत पहुंच चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजन और नगरवासियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब सवा 2 घंटे के बाद आश्वासन मिलने पर लोग शांत हुए। तहसीलदार सूरज बंछोर ने परिजनों को तत्काल 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। वहीं लोगों की मांग को शासन और जिला प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। आक्रोशित लोगों ने परिजनों को 10 लाख रूपए सहायता राशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग किया है।

### छिन्दौला में बाल....

की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला/पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते है। जिन्हें 2 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 1 लाख रुपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए बालक के माता-पिता व परिवार वालों एवं ग्रामीण जनों को समझाईश दिया गया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात ही विवाह करें। सभी लोग बाल विवाह रोकथाम टीम की समझाईश पर सहमति जताई। टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का विवाह निर्धारित आयु सीमा के पश्चात ही करें। जिससे बालक-बालिका के शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण, परिवार नियोजन आदि में बेहतर सुधार में योगदान दिया जा सके। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी, ऑउटरीचवर्कर यशवंत ध्रुव, समन्वयक तुलेश्वर साहू, चाईल्ड लाईन एवं पुलिस बल शामिल थे।

### पानी की मांग...

बात करने पर निर्माण कार्य का बहाना बना कर पानी देने से इंकार कर दिया। इसी कारण आज ग्राम सरकड़ा एवं पाण्डुका के किसानों ने पाण्डुका एसडीओ को एवं ग्राम पंचायत पाण्डुका ने लिखित आवेदन कर कांक्रीटीकरण के कार्य को रवि फसल के पश्चात सुचारू रूप से पूर्ण करने पांडुका माइनर में पानी देने मांग की गई। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार साहू, भाजयुमो अध्यक्ष गौतम शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता खिलावन सिन्हा, कन्हैया चक्रधारी, तेशन सिंह, हेमंत साहू, पुनीत राम साहू, मोनू तारक, गुणवंत साहू, पोखराज तारक, केशव साहू सीताराम साहू, पेमन साहू, ललित साहू, राजेंद्र साहू, चंद्रकांत साहू, भावेश साहू, चांद साहू, नागेंद्र साहू, नरेंद्र साहू सहित साथ ही सरकडा और पाण्डुका क्षेत्र की किसान उपस्थित थे।

### जीवन जीने की...

नहीं कर सकता। जिस प्रकार से एक वस्त्र बदलकर दूसरे वस्त्र धारण किए जाते हैं, उसी प्रकार आत्मा एक शरीर का त्याग करके दूसरे जीव में प्रवेश करती है। सभी उपस्थित दर्शकों को श्रीमद्भागवत गीता का भेंट देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### बुनकर कार्यशाला में विधायक हुए शामिल

**मैनपुर**। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम सरगीगुडा में गुरूवार को बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक धुरव आदर्श बुनकर सहकारी समिति मर्यादित कार्यशाला सह भवन का विधिवत पूजा अर्चना और फीता काटकर लोकार्पण किया। लगभग 20 लाख रूपये की लागत से इस भवन का निर्माण किया गया है। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने अपने हाथों से कपड़ा भी बुना। इस मौके पर प्रमुख रूप से कामसिंह धुर्वा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमलीपदर ललिता यादव, दिनेश कुमार निर्मलकर, श्यामलाल कश्यप, खिलावन कश्यप, महेन्द्र कश्यप, अमरसिंह कश्यप, टेकुधर कश्यप, चैनसिंह, चित्रगुप्त व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### आनंद मेले में बच्चों ने लगाया स्टाल



**छुरा**। नगर के नेशनल प्राईड पब्लिक स्कूल में आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के परिवार के सदस्यों के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न खाने -पीने का स्टाल लगाया। जहां पर आगंतुक लोग कूपन लेकर स्वाद अनुसार नाश्ते एवं विभिन्न व्यंजनों का आनन्द लिया। इस अवसर अधिक संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### कीर्तनकार से समाजसेवी ने मुलाकात की



**रसेला**। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जय गुरुदेव संकीर्तनकार मानस मंडली ग्राम कुडेरादादर,रसेला निवासी के व्याख्याकार कामता प्रसाद शरण से छुरा नगर के शीतला मंदिर प्रांगण के सामने आशीर्वाद लेकर सौजन्य मुलाकात किया गया। इस मौके पर समाजसेवी मनोज पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर उपस्थित थे।

### 17 हितग्राहियों के लिए 1.70 लाख अनुदान राशि स्वीकृत

**गरियाबंद**। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति गरियाबंद के द्वारा संचालित अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत 17 हितग्राहियों को विभिन्न व्यवसायों के लिये युनियन बैंक ऑफ इंडिया राजिम के द्वारा 3 लाख 40 हजार रूपये ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिसमें जिला अंत्यावसायी गरियाबंद द्वारा 1 लाख 70 हजार रूपये अनुदान राशि स्वीकृत किया गया। इससे हितग्राहियों को आजीविका के लिए स्वयं का रोजगार स्थापित करने में मदद मिलेगी। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता ने बताया कि स्वरोजगार योजना के तहत बैंक से उपलब्ध कराये गये ऋण के अलावा जिला अंत्यावसायी गरियाबंद के द्वारा 10-10 हजार रूपये अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। लाभान्वित हितग्राहियों में राजिम के ग्राम बकली निवासी ओमकल्याणी, पुष्पा बाई टण्डन, मुन्नी बाई बारले, पुर्णिमा मारकण्डे, संगीता मारकण्डे, सोनावती आदिल, लिखेश्वरी खुंटे, पुजा मारकण्डे, ढेलिया बाई आदिल, प्रतिभा कुर्रे, तारा मिरी, कामना मिरी, रूखमनी मिरी, हिरा मारकण्डे, पुष्पा मिरी, अंजु मिरी एवं लता मिरी शामिल है।

# आज नारी भी पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही : दुलारी

## ग्राम फुलझर-घटारानी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई राजिम माता जंयती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम फुलझर–घटारानी मे राजिम माता जंयती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण साहु समाज द्वारा भव्य कलश यात्र निकाला गया।कलश यात्र में ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर लिया।तत्पश्चात ग्रामीण साहु समाज एवं ग्रामीणों द्वारा राजिम माता की पूजा आरती किया गया।महात्मा गांधी के पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।देश के लिए मर मिटने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी अरुण साहु प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य,विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र साहु अध्यक्ष साहु समाज परिक्षेत्र पाण्डुका, महेन्द्र साहु गुलाप साहु, दुलारी साहु, श्रवण साहु,फगेश्वर साहु, टोमन साहु, डोमार साहु, सुनिती, रमेश ध्रुव सरपंच, अध्यक्ष डीहु राम साहू ग्रामीण साहु समाज फुलझर उपाध्यक्ष–नरेंद्र साहु, सुनीता बाई साहू उपाध्यक्ष थी। अपने उद्बोधन में दुलारी साहु ने कहा कि हमे नारी चेतना को जगाना है। नारी भी पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही है। नारी हर क्षेत्र में आगे है बढ़ रही है। पुरूषों को शराब के नशे से दूर करना है। समाज को नशामुक्त बनना है। गुलाप साहु ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में सभी को नौकरी मिलना असम्भव है इसलिए आज के युवा वर्गों को खुद का स्वरोजगार स्थापित करना चाहिए। मंच संचालन करते हुए सहसचिव साहु समाज परिक्षेत्र पाण्डुका फगेश्वर साहु ने कहा कि साहु समाज में एक ही समस्या है पढ़ें लिखे नव जवानों को साहु समाज में लड़की नहीं मिल पा रहा है खासकर व्यापारी व्यवसाय करने वाले लड़कों को सबसे बड़ी समस्या है। सरकारी नौकरी करने वाले लड़कों का रिश्ता तय हो पा रहा है। साहु समाज को इस विषय पर मंथन करना चाहिए।



### बच्चों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम में स्कुली बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मी अरूण साहु ने बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ग्रामीण साहु समाज फुलझर द्वारा अतिथियों का फूल माला पहनाकर एवं श्रीफल शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ग्रामीण साहु समाज एवं ग्रामीण लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान महेंद्र साहु, गोपाल साहु, बरसन साहु, कला राम साहू, योगेश्वर साहु, बाबुलाल साहु, सहदेव साहु, रेखराज साहु, भीषम साहु, शत्रुघ्न साहु, लोमश साहु, हेमा साहु, संतोष साहु, टेमन साहु, मेघनाथ साहु, रामचन्द्र साहु, भुमि साहु, हर्षिता साहु, कमला साहु, लक्ष्मी साहु, डुमेश्वरी साहु, सावित्री साहु, पुर्णिमा साहु, पुनव राम साहू, प्रकाश साहु, खोरबाहरा गंधर्व, गौकरण मानिकपुरी, ईश्वर तारक, केंवल ध्रुव, लीला राम गंधर्व, संत राम ध्रुव, पुरूषोत्तम मानिकपुरी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण : यादव धर्मशाला राजिम में हुआ विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण

# पोषण स्तर और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुरूवार को यादव धर्मशाला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड फिंगेश्वर द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शासकीय, अशासकीय विद्यालय के शिक्षकों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को 1 - 19 आयु वर्ग के सभी बालक-बालिकाओं को एवं शेष बचे बच्चों को माप अप दिवस 15 फरवरी को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी में अध्ययनरत है को कृमि मुक्त करते हुए उनके बाल स्वास्थ्य, पोषण स्तर, शिक्षा की पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी फिंगेश्वर डॉक्टर वीरेंद्र हिरौंदिया द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया। 1-2 वर्ष के बच्चों को आधा टेबलेट एव 3-19वर्ष के बच्चों को एक एल्बेंडाजोल का टेबलेट भोजन के बाद चबाकर खिलाने। कृमि संक्रमण के प्रभाव और संचरण चक्र, मानसिक और शारिरिक विकास में बाधा, स्कूलों में नियमित अनुपस्थिति, आर्थिक उत्पादकता में कमी, कुपोषण, अनीमिया आदि रोग कृमि ऐसे परजीवी हैं जो मनुष्य के आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं।कृमि संक्रमण बचाव, इलाज और फायदे को भी विस्तार से बताया गया गम्भीर कृमि संक्रमण के लक्षण दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख ना लगना आदि। डिवर्मिंग के फायदे रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, अनीमिया में नियंत्रण, समुदाय में कृमि व्यापकता में कमी होना, सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार, वयस्क होने पर काम करने की क्षमता और आय में बढ़ोतरी। भूमिका, जिम्मेदारी, प्रतिकूल घटना प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत शिक्षकों से समीक्षात्मक चर्चा कर सुझाव भी लिया गया।





### सभी स्कूलों में मिनी किट कराई जाए उपलब्ध

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंच पर अतिथि के रूप में विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र हिरौंदिया,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विकास खण्ड प्रबंधक सौरभ मेघवानी, यशवंत साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला दमौवा पारा राजिम एवं राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी प्राथमिक शाला भेंडरी उपस्थित रहे। यशवंत साहू प्रधान पाठक द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सुझाव दिया गया कि सभी स्कूलों में मिनी किट उपलब्ध कराई जाए जिसमें कॉटन, टिंचर, पट्टी, कुछ मलहम हो जिसका उपयोग बच्चों के गिरने पर प्राथमिक उपचार के रुप में कर सके। भागचंद चतुवेर्दी द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार का स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाये जा रहे कृमि मुक्ति अभियान का प्रसंशा कर कुपोषण, एनीमिया, मुक्त भारत बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने शिक्षकों को आह्वान किया गया। खेलनराम साहू प्रधानपाठक द्वारा सभी बच्चों का ब्लड ग्रुप जांच करने की सुविधा शाला स्तर पर करवाने का सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण में यशवंत साहू, भागचंद चतुर्वेदी, दशरथलाल वर्मा, डगेश्वर ध्रुव, ओंकार शर्मा, घनश्याम दिवाकर, परमानंद ध्रुव, खेलन यादव, अनिल सिन्हा, रेखलाल टांडे, खेमनसिंह ध्रुव, विजय साहू, दीना देवी साहू, रूचि साहू, दिनेश्वरी साहू, अंजु मार्कण्डेय, सुनीता चतुर्वेदी, अन्तेश्वरी निराला, सरोज सेन, रेखा राजपूत, भगवंतीन मंडल, आशा महोबिया सहित 12 संकुलों के लगभग 150 प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षक, प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

# शिक्षक डिगेश्वर को मिला शिक्षा रत्न का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के चार शिक्षकों को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नवाचारी कक्षा शिक्षण गुणवतापूर्ण सहगामी गतिविधियों के लिए गरियाबंद ब्लॉक से डिगेश्वर कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला खेड़ीटिकरा सम्मानित हुए जिन्होंने खेल आधारित नवाचारी शिक्षण बच्चों का शाला में शतप्रतिशत नामांकन सामुदायिक सहभागिता कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम निर्माण जादुई पिटारा भयमुक्त स्कूल आकर्षक प्रिंटरीच वातावरण निर्माण एवं मुस्कान पुस्तकालय के माध्यम से बच्चों के लिए शिक्षण अधिगम हेतु प्रेरणाप्रद कार्य कर रहे है। इसी क्रम मे फिंगेश्वर विकासखंड से दुष्यंत कुमार वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा से नवाचारी कक्षा शिक्षण चित्रकला और स्काउट गाइड में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित हुए वही मैनपुर ब्लॉक प्राथमिक शाला बजरी के शिक्षक पदुसिह नायक प्रकृति संरक्षण संवर्धन और कबाड़ से जुगाड़ विशिष्ट कार्य हेतु सम्मानित हुए एवं देवभोग ब्लाक से मनोरमा कुमारी साहूआर्ट एंड क्राप्ट सीखने सीखाने की कला में उत्कृष्ट कार्य शिक्षकों के इन सृजनात्मक कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पेन भेंट कर राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवाचारी गतिविधियां समूह भारत के समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी, कार्यक्रम संयोजकद्वय ज्योति बनाफर, कविता कोरी, कान्हा साहू, फ्रेंकलिन मेडम, सुनीता ठाकुर, पुष्पा शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, रितु वर्मा, आशा उज्जयिनी, प्रज्ञा सिंह सहित अन्य नवाचारी शिक्षकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। गरियाबंद जिले का मान बढ़ाने पर और शिक्षकों के इन उपलब्धि पर जिला शिक्षाअधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियो नवाचारी संभाग प्रमुख लोकेश्वर कुमार सोनवानी ने शुभकामनाएं दी।



# पोखरा में मना शाकम्भरी महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पोखरा में ग्रामीण मरार समाज द्वारा धुमधाम से शोभायात्रा निकालकर माता शाकम्भरी महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुबाला रात्रे सभापति महिला एवं बाल विकास ने समाज में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि माता सावित्री फूले व ज्योतिबा फूले सभी समाज के महिलाओं को शिक्षा देने का कार्य किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच सतीश यादव ने मरार समाज भवन निर्माण के लिए 2 डिसमिल भूमि आबंटित करने के साथ ही समाज को 5 हजार रूपए का सहयोग राशि देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सोमनाथ पटेल जिलाध्यक्ष ,उपसरपंच प्रेमलाल नागरे ,महेश पटेल ,बलिराम पटेल, राजू पटेल, चमन पटेल, मानिक पटेल, लीलाराम पटेल, कामता पटेल, रामनारायण पटेल सहित समाज के लोग शामिल थे। संचालन सुन्दर पटेल ने किया।

## 12 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छुरा**। अवैध रूप से शराब बेचने एवं पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले लोगों में लगाम लगाने के लिए छुरा पुलिस धर पकड की कार्रवाई कर रही है। वहीं अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया हैं। जिसमें आरोपी के कब्जे से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2400 रूपया का अवैध कच्ची महुआ शराब पकड़ा गया। आरोपी कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करने पाया जाने से आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा दिया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक 123 कृष्णा कुमार गिलहरे, आरक्षक 441 डिगेश्वर साहू, आरक्षक 558 अखिलेश वैष्णव व महिला आरक्षक 500 शाशी कौशिक की सराहनीय भूमिका रही। आरोपी राजकुमार पहाड़िया उम्र 35 वर्ष साकिन बम्हनी पर कार्रवाई की गई है।



# बारूला स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में शिक्षा कार्यक्रम के तहत ''अंगना म शिक्षा माता उन्मुखीकरण''कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अनुसूया साहू एवं केसर साहू के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम मे माताओं को बच्चो के कौशल विकास करने की विधि बताई गई। संस्था की प्रधान पाठकलता ध्रुव द्वारा ''अंगना मां शिक्षा''के तहत माता उन्मुखीकरण के बारे में बहुत ही विस्तार पूर्वक ढंग से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों को स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा नियमिति शिक्षा प्रदान की जाती है लेकिन देखा गया है कि उनकी माता जिन बातों को घरों में सिखाती है वह उन्हे जल्दी याद हो जाती हे। इसलिए बच्चों का प्रथम गुरु मां को ही माना जाता है। वे खेल खेल मे बच्चों का के कौशल विकास का कार्य कर सकते हैं। बच्चो को किस प्रकार से शिक्षा देना है उनके उपाय बताये गये। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में अनुसूया साहू, कामिनी साहू, केसर साहू, अनीता बांधे, संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव, शिक्षिका मोती आदि उपस्थित थे।



## श्रीरामचरित मानस कथा सुनने सैकड़ों भक्तों की रही भीड़

# मन की निर्मलता से ही मिलते हैं ईश्वर: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ईश्वर की भक्ति में सरलता सहजता एवं मन में निर्मलता हो एक बेटी अपने पूरे जीवन काल में अनेकों रूपों का निर्वहन करती हैं। कभी एक प्यारी सी गुड़िया रानी कभी बहन, कभी मां कभी दादी नानी न जाने कितने किरदार को अपने अंदर समेटे एक परिवार रूपी नाव को सम्हाल कर बड़े ही सहज–सरल एवं अपनत्व की डोर को बांधे संचालित करते हुए उस परिवार को मजबूती प्रदान करती है। इस बीच एक बेटी को न जाने कितने त्याग रूपी परीक्षा से गुजरना पड़ता है। श्रीराम कथा के दौरान माता उमा की प्रसंग पर बड़े ही मार्मिक चर्चा करते हुए कथाकार कुमान सिंह धुरव ने कहा। उन्होंने कथा मे बताया कि भगवान भोलेनाथ को पाने के लिए राजा हिमवान एवं रानी मैना की बेटी उमा ने भगवान भोलेनाथ को पति रूप में पाने के लिए कठोर से कठोर तप किया एक समय ऐसा भी आया जब राजा हिमवान एवं रानी मैना ने नारद महाराज के मुख से सुना भगवान भोलेनाथ देवो में देव महादेव हैं किन्तु कुछ अवगुण भी है। उसके रहने का स्थान पहनावा ओढावा उनके गणवेश बड़ा ही विचित्र है। जैसे ही यह बात रानी मैना ने सुना इस विवाह के लिए मना कर दिया था किन्तु बेटी उमा का भगवान भोलेनाथ के प्रति त्याग, समर्पण एवं निर्मल प्रेम को देखते हुए भगवान भोलेनाथ से उनका विवाह कर दिया। मनुष्य के जीवन में कभी भी दिखावा न हो।जो भी कार्य करें उसमें हमारा किंचित मात्र स्वार्थ न हो।

**भजन की दी गई प्रस्तुति-** झूठ फरेब से जीवन व्यतीत करने वाले लोग ज्यादातर अपने आप को हमेशा औरों से ऊंचा बताना पसंद करते हैं। ऐसे लोगों से सदैव बचकर रहें। ये लोग केवल अपना हित चाहते हैं। औरों के जीवन में हमेशा सरल सहज एवं विनम्रता का भाव हो। ऐसा जीवन जीने में जो आनंद है ऐसा आनंद दुसरों में नहीं है। खिलावन साहू लोक गायक प्रज्ञा मानस परिवार के संचालक के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी गई। जिसे सुनकर पूरे कथा पंडाल में बैठे श्रद्धालु भक्त जन झूम उठे। पूरे आयोजन में नंद परिवार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर थानू राम निषाद, छत्तर सिंह ध्रुव के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त जन मौजूद थे। सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी।



# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में माताओं ने लिया हिस्सा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रवेली में विगत दिवस अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम की माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ हुआ। भाषायी एवं गणितीय कौशल को गतिविधि के माध्यम से आओ शब्द बनाए, तथा गणित में ईकाई, दहाई की समझ खिलौना के माध्यम से बच्चों को अवगत कराया गया। बच्चों के माताओं के द्वारा यह गतिविधि कराई गई। बास्केट बनाना, अक्षर कार्ड, घड़ी, मोबाईल, अगरबत्ती, रबर अंक कार्ड बनाना सिखाया एवं प्रतिभागी बच्चों तथा माताओं को संस्था की ओर से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।इस पूरे कार्यक्रम में खिलौना का उपयोग किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षिका निर्मला ठाकुर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधानपाठक योगिता मिश्रा, सुशीला साहू,शिखा ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संगीता ध्रुव कार्यकर्ता, टामिन ध्रुव, गीता ध्रुव, लता यादव, मीना साहू, सुरजा यादव, पुष्पा, भान बाईं, लक्ष्मी यादव, विशाखा, फिरंतीन, भुनेश्वरी दीवान शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गोंड़ महा सम्मेलन में विधायक होंगे शामिल

**मुड़ागांव।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज फिंगेशरी सर्कल के प्रति निधियों ने जिसमें पन्ना लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष, पुरणठाकुर संरक्षक, शिवराम ध्रुव अध्यक्ष, हेमलाल ध्रुव, सचिव फग्गु, राम ध्रुव, भानु ध्रुव, सह सचिव, कृपा राम ध्रुव ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर महा सम्मेलन 10 फरवरी को ग्राम पंचायत गोन्दलाबाहरा में आयोजित होना है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ने समाज के कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति जताई।

### रेत माफियाओं की भाजपा के शासन में हौसले बुलंद

**गरियाबंद।** बीते दिनों कुटेना घाट पर खनिज विभाग की टीम पर रेत खनन माफियाओं द्वारा हमला बेहद ही शर्मनाक है। वहीं इस मामले पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास



मंत्री अमितेश शुक्ल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि खनिज विभाग की टीम पर हुआ हमला बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण है, हम इस घटना का कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही रेत माफियाओं का हौसला इतना बढ़ गया है कि अब खनिज विभाग के टीम पर हमला होने लगा है। कांग्रेस शासन में कभी ऐसे घटना देखने को नहीं मिली थी। खनिज विभाग की टीम पर इतना बड़ा हमला हुआ है, फिर भी शासन द्वारा अभी तक कोई कड़ी कार्यवाही क्यो नहीं किया गया यह विचारणीय है। प्रशासन द्वारा मामूली मामला दर्ज कर खानापूर्ति किया जा रहा है। इस घटना को शासन प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए रेत माफियाओं पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए और जिले में अवैध रेत खनन को तुरंत बंद करवाना चाहिए।

### छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



**मैनपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक खेलकूद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सुमधुर गीत, छत्तीसगढ़ी, संबलपुरिया नृत्य से मंच में समा बांधे रखा। वार्षिकोत्सव में मीडिया लिंक द्वारा प्रकाशित ''राममय छत्तीसगढ़'' पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर पर प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद ने बताया कि इस पुस्तक हेतु विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उच्च शिक्षा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से शुभकामनाएं संदेश प्राप्त हुए है, वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि भगवान राम प्रत्येक व्यक्ति के लिए संकट में अपने जीवन से प्रेरणा का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। आशीष सिंह ठाकुर के संपादन में प्रकाशित पुस्तक में 36 गढ़ के 36 मूर्धन्य विद्वानों ने अपने रिसर्च प्रस्तुत किये हैं।

# पीएम-जनमन के तहत जिले के 28 पीवीटीजी बसाहटों में लगेंगे विशेष स्वास्थ्य शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद**

भारत सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) को मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) 15 जनवरी से प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत जिले में निवासरत पीवीटीजी सदस्यों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जिले के पीवीटीजी निवासरत दूरस्थ गांवों में स्वास्थ्य जांच के लिए 28 गांवों में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, सिकलसेल जांच, पीएमएसएमए, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम तथा डायलिसिस सेवायें प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जायेगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, लैब टेक्निशियन एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ मौजूद रहकर पीवीटीजी सदस्यों का स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करेंगे। साथ ही आवश्यकतानुसार दवाईयों का भी वितरण किया जायेगा। पीवीटीजी निवासरत गांवों में माह - फरवरी एवं मार्च में प्रत्येक 15 दिवस में मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान किया जाएगा।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जनजाति सदस्यों का किया जायेगा स्वास्थ्य परीक्षण

### कुल्हाड़ीघाट में 5 व 19 को लगेगा शिविर

इसी प्रकार विकासखंड मैनपुर अंतर्गत ग्राम बोईरगांव में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 व 25 मार्च 2024 को, ग्राम भाटापानी में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च को, ग्राम खरीपथरा में 02 एवं 16 फरवरी तथा 01 एवं 15 मार्च को, ग्राम डुमरघाट में 06 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च को, ग्राम गोलामाल में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 व 25 मार्च को, ग्राम कुल्हाड़ीघाट में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च को मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### ग्राम पिपरछेड़ी में शिविर 7 व 21 फरवरी को

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इनमें छुरा विकासखंड के ग्राम घटकर्रा में 02 एवं 16 फरवरी तथा 01 मार्च एवं 15 मार्च को, ग्राम सोरिद में 6 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च को, ग्राम कनफाड़ में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 एवं 25 मार्च को, ग्राम घोटपानी में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च 2024 को, ग्राम बिरोड़ार में 06 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च को, ग्राम पिपरछेड़ी में 07 एवं 21 फरवरी तथा 06 एवं 20 मार्च को, ग्राम धरमपुर में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 व 25 मार्च को, ग्राम गोंदलाबाहरा में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च को, ग्राम चरौदा में 02 एवं 16 फरवरी तथा 01 एवं 15 मार्च को, ग्राम दीवना में 06 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च को शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मरदाकला में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 व 25 मार्च को, ग्राम खरता में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च को, ग्राम टीमनपुर में 06 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च को, ग्राम पेंड्रा में 07 एवं 21 फरवरी तथा 06 एवं 20 मार्च को, ग्राम मारागांव में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 मार्च को, ग्राम फुलकर्रा में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च को, ग्राम पंडरीपानी में 02 एवं 16 फरवरी तथा 01 एवं 15 मार्च को, ग्राम डुमरबाहरा में 06 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च को, ग्राम अमलोर में 12 एवं 26 फरवरी तथा 11 व 25 मार्च को, ग्राम ओड़ में 05 एवं 19 फरवरी तथा 04 एवं 18 मार्च को, ग्राम कुकरार में 06 एवं 20 फरवरी तथा 05 एवं 19 मार्च 2024 को, ग्राम आमामोरा में 07 एवं 21 फरवरी तथा 06 एवं 20 मार्च को शिविर लगाया जायेगा।

## मांग : सरपंच सदन में विभागीय कार्यालय संचालित होने से सरपंचों में नराजगी

# दूरस्थ क्षेत्र के सरपंचों को नहीं मिल रहा सरपंच सदन का लाभ

खास खबर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

तत्कालीन डॉ. रमन सिंह सरकार के दौरान वर्ष 2013–14 में तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में लगभग 15 लाख रूपये की लागत से सरपंच सदन भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन के निर्माण करने पीछे राज्य सरकार की यह मंशा रही है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के सरपंच जब अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय जनपद पंचायत पहुंचे तो उन्हे भटकना न पड़े और उनके रूकने की व्यवस्था के साथ विभागीय कार्य को पुरा करने के लिए सरपंच सदन का निर्माण किया गया था लेकिन तहसील मुख्यालय मैनपुर में नियम विपरित सरपंच सदन का उपयोग जनपद के विभागीय कार्य के लिए दे दिया गया है और सरपंच सदन जनपद के एक विभाग के कार्यालय संचालित होने से इसका लाभ सरपंचो को नहीं मिल रहा है जिसके कारण सरपंचो में काफी नराजगी देखने को मिल रही है। क्षेत्र के सरपंचों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा, गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि सरपंच सदन को सरंपचों के उपयोग के लिए दिया जाये। ग्राम पंचायतों के सरपंच गणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत परिसर में 10 वर्ष पहले लाखों रूपये के लागत से सरपंच सदन भवन का निर्माण किया गया है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बदहाली के कगार पर जा पहुंचाता जा रहा हैं, विकासखंड के दूरस्थ अंचलों से मुख्यालय मैनपुर मे विभिन्न विकास कार्यो के योजना को लेकर पहुंचने वाले सरपंच गणों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से छत्तीसगढ़ शासन ने महती योजना के तहत लाखो रूपये की लागत से वर्ष 2013 में जनपद पंचायत परिसर मैनपुर में सरपंच सदन भवन का निर्माण करवाया है,सरपंच सदन भवन में सरपंचों के लिये शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कुर्सी, टेबल व अन्य सुविधा नहीं है, सुविधा के अभाव में सरपंच गणों को मुख्यालय मैनपुर में यदि रात रूकना हो तो अपने आश्रितों के यहां शरण लेनी पड़ती है। विकासखंड मैनपुर में 74 ग्राम पंचायत है और इसका काफी लंबा चौड़ा क्षेत्रफल है, शासन को चाहिए की इस सरपंच सदन में पूरी सुविधा मुहैया कराकर इसका उपयोग सरपंचो को करने देना चाहिए।

■ रमन सरकार के समय सरपंचों के लिए निर्माण किया गया था सरपंच सदन






### 80 किमी दूर से सरपंच पहुंचते है मैनपुर, रात में रिश्तेदारों के यहां लेना पड़ता है आश्रय

सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचो को ब्लॉक मुख्यालय में अस्थायी आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरपंच सदन का निर्माण लगभग 15 लाख रूपये की लागत से 2013–14 में किया गया है। इस सरपंच सदन निर्माण का उद्देश्य शासन का यह रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों से शासकीय कार्य में मैनपुर जनपद मुख्यालय पहुंचने वाले सरपंचो को यहां ठहरने और आराम करने की सुविधाएं मिल सके। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र काफी लंबा चौड़ा है लगभग 80 किमी दूर गोहरापदर, गुरजीभाठा, सरगीगुड़ा, घुमरापदर, मंढागमुड़ा, खरीपथरा, चिखली, कुहीमाल, बजाड़ी, धनोरा जो ओड़िशा सीमा से लगा है इतने अधिक दूरी तय कर सरपंच अपने पंचायत के कार्यो के संबंध में जनपद पंचायत पहुंचते है और कभी –कभी सभी कार्य समय पर पूरा नहीं होने पर सरपंचों को मुख्यालय में रूकना पड़ता है, लेकिन उनके लिए निर्माण किये गये सरपंच सदन का उन्हे लाभ नहीं मिल रहा है। यहां सरपंच सदन भवन में जनपद कार्यालय के एक शाखा का संचालन किया जा रहा है, मजबुरी में सरपंचों को अपने रिश्तेदार के घरों में रूकना पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए शासन द्वारा लाखों रूपये खर्च कर सरपंच सदन का निर्माण किया गया है तो इसमें सरपंचों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराया जाये।

### सरपंचों को उपयोग के लिए दें सदन

सरपंच संघ जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर ने चर्चा करने पर कहा सरकार ने जिस उद्देश्य के लिए इस सरपंच सदन का निर्माण किया है उसका लाभ विकासखण्ड के सरपंचों को नहीं मिल रहा है। यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध करा कर इस भवन को सरपंचों को उपयोग के लिए देना चाहिए।

# पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे से हो रही लोगों को परेशानी



## जनपद सदस्य हुए नाराज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा**

जनपद पंचायत छुरा के सभा कक्ष में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। सामान्य सभा की बैठक जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, राजिम विधायक छुरा जनपद प्रतिनिधि पंकज निर्मलकर, बिन्द्रानवागढ छुरा जनपद पंचायत प्रतिनिधि बिगेन्द्र ठाकुर व जनपद सीईओ अहमद जाफरी व एडिशनल सीईओ रुपकुमार ध्रुव के गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। बैठक के संचालन एडिशनल सीईओ रुपकुमार ध्रुव के किया। बैठक में आपेक्षित विभागीय अधिकारियों से विभागीय समीक्षा की गयी। जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर ने विभिन्न विभागों के समीक्षा के दौरान विभागवार प्रश्नों की झड़ी लगाई। संविधानिक व लोक व्यवहारिक गुणानात्मक प्रश्न किये। जिसका सभी जनपद सदस्यों ने समर्थन किये। शिक्षा विभाग के आला अधिकारी के एल मतावले से विधि सम्मत नोक जोझ हुई। आरईएस विभाग से गांवों में जल जीवन मिशन से पाईप लाईन के लिए खोदे गये गड्ढे से जन-जीवन के हानि से सभी जनपद सदस्य गण नाराज रहे। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2024 तक के कोई प्रगति नहीं होने पर सभी जनपद सदस्य गण बिगड़े हुए थे। जनपद निधि व 15 वे वित्त की राशि और शेष लाखों राशि पर चर्चा के दरमियान पूर्व सीईओ एमएल वर्मा के उपस्थिति में बैठक स्थगित कर जनपद की ओर से विदाई समारोह होने के कारण आयोजित बैठक को 7 फरवरी को किये जाने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में अपेक्षित वन, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, विभागों की समीक्षा की गई। इस दौरान जनपद सभा पति रजनी सतीश चौरे, बूंदा साहू, पुष्पा साहू, थानेश्वर कवर, संत राम नेताम, नीलकंठ सिंह ठाकुर, लगनी साहू, शांति नागेश, हेमलता ध्रुव, शरबती सोरी, रिखी राम यादव, अशोक पटेल सहित आमंत्रित सभी विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे।

■ सामान्य सभा की बैठक में शिक्षा, कृषि व सिंचाई पर हुई चर्चा

# यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय से मुलाकात की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष वी समाज प्रमुख गरियाबंद जयमल यादव के नेतृत्व में आज मैनपुर क्षेत्र के यादव समाज के लोगों ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात किया और उन्हे गुलदस्ता भेंट कर मार्च में होने वाले महासम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति धानमती यादव, भीमसेन यादव, भागचंद यादव, थान सिंह यादव, गजराज यादव, हीरालाल यादव, छोटे लाल यादव, दुर्योधन यादव, जगन्नाथ यादव, पूरन यादव, देवराज यादव, वन सिंह यादव, उदय यादव, भोजराज यादव, खेमराज यादव, जगबंधु यादव, हरिओम यादव उपस्थित रहे।

# स्कूल में सामुदायिक सहभागिता का अद्भुत उदाहरण है शुक्लाभाठा : संजय

## दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल एवं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

संकूल स्रोत केंद्र गोना में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल का आयोजन ग्राम शुक्लाभाठा में शुक्लाभाठा.के ग्रामीण के विशेष सहयोग से आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल गोना के समस्त 11 स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पनकीन मरकाम जनपद पंचायत सदस्य अध्यक्षता सुनील मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत गोना के अध्यक्षता में शुरु हुआ। बच्चों के लिए खो-खो, कबड्डी, दौड़, बोरा दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। जिसमें विजयी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चो को खेल- खेल में सिखाने में माताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल रेडीणेश के तहत अंगना म शिक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें ब्लक मेंटर नीरा ध्रुव चमेली तीरधारी ने माताओं को बहुत ही सक्रियता से सभी गतिविधि जैसे कि अक्षरों से शब्द बनाना, तीली से गिनने के लिए बंडल, कुर्सी दौड़ आवाज पहचान, गोटा खेल खेलाया। जिसका उपयोग कर माताएं घर में अपने बच्चों को सीखने के लिए करेंगे। बीआरसीसी शिव कुमार नागे उपस्थित होकर बच्चो को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेल जीवन का अंग है आज हम मोबाइल फोन आने से बाहरी खेलो से बाहर हो गए हैं हमे पढ़ाई के साथ साथ खेल भी खेलना है। इस दौरान संकुल प्राचार्य खमहन साहू सुकदेव पटेल, विक्रम सिंह, बृजलाल, देवल पटेल सूरज पात्र, पेशवर यादव, आलोक शर्मा, सन्तोष निषाद, लक्ष्मी नारायण साहू, मनोज सोनवानी, श्रवण देवान, रशीद खान, सोनजीत यादव, धन सिंग नेगी, लक्ष्मीनाथ नागेश, सुभाष भारद्वाज, विजय खरांशु, राजेश श्रीवास, रामचरण यादव, मोहन लाल ध्रुव, रामरतन नेताम संतोष कुमार ध्रुव, दामोदर नेगी रविकांत नाग, गोविंद नवरत्न, के साथ ग्राम और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सन्तोष कुमार तारक ने किया।



# शिक्षक लीला राम को सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा**

सहसपुर में पदस्थ प्रधान पाठक लीला राम साहू को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दिया गया। संस्था व शाला विकास समिति ग्राम पंचायत ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों बच्चों के समक्ष भावभीनी विदाई दिया गया। सभी ने प्रधान पाठक के कार्यकाल का सराहना किया। तत्पश्चात शिक्षकगण शाला प्रबंधन व बच्चों द्वारा भाषण कविता चलता रहा साथ ही प्रधान पाठक के धर्मपत्नी की भी उपस्थिति रही। साथ में सेवानिवृत्त तीजम साहू, सदा राम साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी उपहार भेंट कर नम आंखों से विदाई दी। इस अवसर पर ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच खेमिन लोकनाथ साहू,उपसरपंच जनक राम सेन,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेन्द्र गंधर्व, शाला निर्माण समिति अध्यक्ष मेष राम साहू, वरिष्ठ नागरिक ग्राम पटेल जीवन लाल साहू, लोकनाथ साहू, रेखु यादव, थानेश्वर साहू, रामेश्वरी गंधर्व, दुर्गा ध्रुव, उमा साहू , पंचगण केशर धनकर , देवकी वर्मा, कुंती साहू, दीप्ति विश्वकर्मा, लेखनी साहू, कुंती साहू उपस्थित थे।

## बाल योगिनी गुंजन सिन्हा एवं सोना के जटिल आसनों से लोगों को किया प्रभावित

# निरोगी रहने के लिए अपनाएं योग व आयुर्वेद को : डॉ. प्रीति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)**

मां रमई पाठ के निर्झर तले बसे ग्राम सोरिद में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन शिविर आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ शासन, आयुष विभाग के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत हर घर योग, घर घर योग महाभियान अन्तर्गत विकासखंड के चिन्हित ग्राम पंचायतों में पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। संचालक आयुष इफ़्फ़त आरा (आईएएस) के निर्देशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव के आदेशानुसार, आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर अकलवारा के तत्वावधान में ग्राम फिंगेश्वरी, सोरिद में शिविर संपन्न हुआ। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं शिविर प्रभारी डॉ. प्रीति साहू तथा डॉ. ऐश्वर्य साहू के कुशल नेतृत्व में शिविर सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बाल योगिनी गुंजन सिन्हा एवं सोना ने कठिन आसन दिखलाया। वेलनेस सेंटर के योग सहायक हेमंत यदु ने नियमित रूप से आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। शिविर में योगाचार्य देवनारायण यदु, हेमलाल पटेल एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा योग को आकर्षक तरीके से सूक्ष्मता के साथ सिखाया गया। अर्जुन धनंजय सिन्हा ने श्वसन तंत्र को मजबूत करने हेतु ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, भुजंगासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराते हुए कहा कि इन आसन और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से श्वसन क्रिया को सुचारू रूप से क्रियाशील कर श्वसन क्रिया की दर को नियमित व सुदृढ़ करता है। हृदय एवं श्वास संबंधी रोगों, सर्दी-खांसी, जुकाम, एलर्जी, साइनस, कफ रोग, थायराइड, ट्रांसिल रोग दूर होते हैं। जीवन शक्ति में वृद्धि होती है। योगाचार्य देवनारायण यदु द्वारा पाचन संस्थान को दुरुस्त करने हेतु मंडूकासन, शशकासन, योग मुद्रासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, मयूरासन, अर्धमत्स्येंद्रासन, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, तिर्यक कटिचक्रासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, बाह्य प्राणायाम का अभ्यास कराया।





### खानपान में अंकुरित नवरत्न को करें शामिल

योग प्रशिक्षक हेमलाल पटेल ने ईंजन दौड़, सर्वांगपुष्टि, ऊर्ध्वगति, उदकुदन, रेखीय गति, यौगिक प्रार्थना, दण्ड एवं बैठक कराया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं शिविर प्रभारी डॉ. प्रीति साहू ने कहा कि हमें प्रकृति से जुड़कर योग एवं आयुर्वेद को अपनाना होगा। किसी भी शारीरिक, मानसिक समस्या का स्थाई समाधान योग और आयुर्वेद से संभव है। डॉ. ऐश्वर्य साहू ने कहा कि हमें हमारे दैनिक खानपान में अंकुरित नवरत्न का उपयोग करना चाहिए। खानपान में संतुलन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की व्याधि होने पर योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने का सलाह दिया। ग्राम के ऊर्जावान बेदराम नंदे ने सारगर्भित शब्दों में व्यवहारिक एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करते हुए सभी योगाचार्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी शिविरार्थियों को आयुष क्वाथ प्रदान किया गया। शिविर की सफलता में फार्माशीस्ट आर.एस. नेताम, पीटीएस संतोष यादव का विशेष योगदान रहा। पलक, गुंजन, प्रवीण, मधु, प्रिया, नंदू, पूर्वी, रुद्र, पलक, पीहू, प्रज्ञा, वर्षा, दीपाली, स्पर्श, स्मृति, लुभावना, आकांक्षा, सिद्धार्थ, तन्मय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने योगाभ्यास का लाभ लिया।

